

*पेपरलीक और गहलोत सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदेश भाजपा संगठन ने मंगलवार को पैदल मार्च करते हुये सचिवालय घेराव का कार्यक्रम आयोजित किया। सचिवालय की ओर बढ़ रहे भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को पुलिस ने बैरीकेड लगाकर रोकने का प्रयास किया। तमाम प्रयासों के बावजूद पुलिस भाजपाइयों को रोकने में नाकाम रही। इस दौरान पुलिस ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज किया और उन पर वॉटर कैनन भी चलाई। भाजपा सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने भी स्टैच्यू सर्किल पर पुलिस बैरीकेड को पार करने की जमकर जद्दोजहद की। लाठीचार्ज और भारी बलप्रयोग के बावजूद भी कुछ भाजपा कार्यकर्ता सचिवालय तक पहुँचने में कामयाब हो गये और उन्होंने वहाँ पर गहलोत सरकार का पुतला दहन किया।*

# राहुल गांधी ने अमेरिका में की ट्रक की सवारी

## कांग्रेस ने कहा कि, राहुल गांधी ने भारतीय मूल के ट्रक ड्राइवर के साथ 190 किलोमीटर की यात्रा की

नई दिल्ली, 13 जून (वार्ता)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत के साथ ही विदेशों में भी लोगों से करीब से रूबरू होने का अपना सफर जारी रखते हुए हाल में अमेरिका यात्रा के दौरान ट्रक की सवारी की।

कांग्रेस पार्टी ने मंगलवार को जारी बयान में कहा , गांधी भारतीय मूल के ट्रक चालकों के साथ वाशिंगटन डीसी से न्यूयॉर्क तक 190 किलोमीटर की दूरी ट्रक यात्रा के जरिए की। भारत में दिल्ली से चंडीगढ़ तक की ट्रक यात्रा की अमेरिका में भारतीय मूल के ट्रक ड्राइवरों के रोजमर्रा के जीवन को नजदीक से जानने और समझने के लिए उन्होंने वहां ट्रक पर सवारी की।

- गौरतलब है कि, राहुल गांधी ने पिछले महीने की शुरुआत में दिल्ली से चंडीगढ़ तक ट्रक यात्रा की थी।
- कांग्रेस ने कहा है कि, राहुल गांधी की इस यात्रा का मकसद लोगों की रोजमर्रा की दिक्कतों से करीब से रूबरु होना है। कांग्रेस के अनुसार, राहुल ने अमेरिका में भारतीय मूल के ट्रक ड्राइवरों के रोजमर्रा के जीवन को नजदीक से जानने और समझने के लिए वहां ट्रक पर सवारी की।
- कांग्रेस की ओर से बयान में कहा गया कि, भारत में ट्रक ड्राइवर कम मजदूरी और रिकॉर्ड मूल्य वृद्धि के साथ घर पर संघर्ष करते हैं, वहीं अमेरिका में ट्रक चालकों को उनके श्रम के लिए उचित मजदूरी के साथ सम्मान मिलता है।

बयान में कहा गया कि जबकि यहां ट्रक ड्राइवर कम मजदूरी और रिकॉर्ड मूल्य वृद्धि के साथ घर पर संघर्ष करते हैं, वहीं अमेरिका में ट्रक चालकों को उनके श्रम के लिए उचित मजदूरी के साथ सम्मान मिलता है।

कांग्रेस ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर गांधी की एक ट्रक ड्राइवर के साथ बातचीत का नौ मिनट का वीडियो भी जारी किया। वीडियो में कांग्रेस नेता ग्रे टी-शर्ट पहने ट्रक पर सवार होते और सवारी करते नजर आ रहे हैं।

गौरतलब है कि पिछले महीने गांधी देर रात ट्रक पर सवार होकर दिल्ली से चंडीगढ़ पहुंचे थे और चालकों से उनकी समस्याओं के बारे में चर्चा भी की थी।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के खिलाफ तमिलनाडु वि.सभा में प्रस्ताव पारित

चेन्नई, 13 जून (वार्ता)। तमिलनाडु में मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेशाध्यक्ष के. अन्नामलाई के अन्नाद्रमुक की सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री ज़े. जयललिता के खिलाफ टिप्पणी का पुरजोर विरोध करने का प्रस्ताव पारित किया।

- तमिलनाडु में मुख्य विपक्षी दल, अन्नाद्रमुक ने भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष, के. अन्नामलाई द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता के खिलाफ की गई टिप्पणी का पुरजोर विरोध करने का प्रस्ताव पारित किया।

अन्नाद्रमुक के महासचिव और विपक्ष के नेता एडापल्ली के पलानीस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से यह फैसला लिया गया। पलानीस्वामी ने मीडिया को प्रस्ताव पढ़कर बताया और अन्नामलाई की एक साक्षात्कार के दौरान अन्नाद्रमुक नेताओं और जयललिता पर की गई टिप्पणी को गंभीर बताया। उन्होंने कहा कि जयललिता एक सम्मानित राष्ट्रीय नेता थीं ।

# 'एयर इंडिया उपभोक्ता को टिकट के 7 लाख रू. वापस करे'

## राज्य उपभोक्ता आयोग ने एजेंट की कार्रवाई के लिए एयर इंडिया को दोषी ठहराते हुए यह आदेश दिया

जयपुर, 13 जून (का.सं.)। राज्य उपभोक्ता आयोग ने एयर इंडिया की ओर से नियुक्त किए गए एजेंट की कार्रवाई के लिए भी एयर इंडिया को जिम्मेदार माना और आदेश दिया कि एयर टिकट के तौर पर उपभोक्ता से ली गई 7 लाख रुपए की राशि लौटाई जाए। राज्य आयोग ने जिला उपभोक्ता आयोग की ओर से एयर इंडिया पर लगाए 50 हजार रुपए के जुर्माने को भी बरकरार रखा है। आयोग के न्यायिक सदस्य निर्मल सिंह मेड़तवाल व सदस्य लियाकत अली ने एयर इंडिया लिमिटेड की अपील को खारिज करते हुए यह आदेश दिया। आयोग ने कहा कि अपीलार्थी के यह कहने मात्र से उसकी जिम्मेदारी खत्म नहीं होती कि उसे टिकट बुकिंग के रुपए नहीं मिले थे और टिकट फर्जी थे। यदि टिकट फर्जी भी थे तो एयर इंडिया को एजेंट के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज करवानी चाहिए थी।

- आयोग ने जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा लगाए गए 50 हजार रू. के जुर्माने को भी बरकरार रखा।
- आयोग ने एयर इंडिया की अपील खारिज करते हुए कहा कि, यह कहने मात्र से उसकी जिम्मेदारी खत्म नहीं हो जाती कि, टिकट फर्जी थे। अगर टिकट फर्जी थे तो एयर इंडिया को एजेंट के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज करानी चाहिए थी।

मामले के अनुसार, परिवादी शैलेन्द्र भार्गव व मंजू भार्गव ने अन्य परिवारजनों के साथ भारत से अमेरिका जाने के लिए एयर इंडिया के अधिकृत एजेंट अर्श टूर, मुंबई के जरिए 8 व 9 मार्च 2020 को 7 लाख रुपए का भुगतान कर टिकट बुक कराए थे। एजेंट ने कन्फर्म टिकट बुक कर पीआरएन नंबर व टिकट नंबर दे दिया, लेकिन जब उन्होंने मई 2020 में अपने टिकटों की स्थिति देखी तो पता चला कि सभी टिकट रद्द कर दिए हैं, जबकि परिवादियों ने टिकट रद्द नहीं कराए थे। इसका कारण पूछने पर एयर इंडिया ने कहा कि एजेंट ने टिकट बनाकर खुद ही रद्द कर दिए हैं। जब परिवादियों ने एजेंट के ऑफिस पर पता किया तो वह बंद मिला। इस पर परिवादियों ने टिकट राशि रिफंड के लिए एयर इंडिया से संपर्क किया, लेकिन उसने कोई सकारात्मक जवाब नहीं दिया। एयर इंडिया व एजेंट की इस कार्रवाई को परिवादियों ने जिला उपभोक्ता आयोग में चुनौती दी थी। जिला उपभोक्ता आयोग ने परिवादियों के पक्ष में फैसला दिया था। इस आदेश को एयर इंडिया ने राज्य आयोग में चुनौती दी थी।

## कश्मीर में मंगलवार को घुसपैठ कर रहे दो आतंकी मारे गये

श्रीनगर, 13 जून (वार्ता)। जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में मंगलवार को सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए दो अज्ञात आतंकवादियों को मार गिराया।

- पुलिस ने बताया कि, एल.ओ.सी. के पास दोबनार माचिल सैक्टर में दो आतंकवादी सेना और पुलिस के संयुक्त अभियान में मारे गए।

पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि नियंत्रण रेखा (एल.ओ.सी.) के पास दोबनार माचिल सेक्टर में दो आतंकवादी सेना और कुपवाड़ा पुलिस के संयुक्त अभियान में मारे गए।

पुलिस ने बयान में कहा कि तलाशी अभियान अभी तक जारी है।

# शाहरुख खान पर नारकॉटिक्स अधिकारी को रिश्वत देने का मुकदमा चलेगा?

## मुंबई हाई कोर्ट में शाहरुख खान के खिलाफ अपराधिक जनहित याचिका दायर की गई

मुंबई, 13 जून। बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान पर अपने बेटे आर्यन खान को बचाने के लिए रिश्वत की पेशकश करने का आरोप लगा है। इस मामले में शाहरुख को आरोपी बनाने की मांग को लेकर बॉम्बे हाई कोर्ट में आपराधिक जनहित याचिका दायर की गई है। अदालत में इस याचिका पर 20 जून को सुनवाई होगी। इसमें कहा गया है कि केंद्रीय जांच ब्यूरो ने तत्कालीन पूर्व नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो मुंबई के जोनल निदेशक समीर वानखेड़े के खिलाफ दर्ज की थी। वानखेड़े की ओर से शाहरुख के साथ केपी गोसावी के जरिए रिश्वत को लेकर बातचीत करने से जुड़ा यह मामला है। इसमें आर्यन को बचाने के लिए 25 से 18 करोड़ रुपये की रिश्वत राशि तय करने और 50 लाख रुपये नकद स्वीकार करने का आरोप है।

- अदालत में इस याचिका पर 20 जून को सुनवाई होगी। याचिका में कहा गया है कि, अभिनेता शाहरुख खान ने अपने बेटे से जुड़े ड्रग्स केस को ठीक से हैंडल करने के लिए इस केस की तहकीकात कर रहे नारकॉटिक्स अधिकारी समीर वानखेड़े को रिश्वत की पेशकश की थी।

हाई कोर्ट में दायर याचिका में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 12 का हवाला दिया गया है। इसके मुताबिक, अगर कोई व्यक्ति भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को सूचित किए बिना किसी अधिकारी को पक्ष लेने के लिए रिश्वत देता है, तो ऐसा व्यक्ति अभियोग के लिए जिम्मेदार होगा। याचिका में शाहरुख खान और आर्यन खान के खिलाफ मुकदमा चलाने की मांग की गई है। याचिका के अनुसार, उपरोक्त धारा शाहरुख खान और आर्यन खान पर लागू होती है। इस मामले के याचिकाकर्ता आर.के. पठान हैं जिनकी ओर से वकील नीलेश ओझा और तनवीर निजाम पेश होंगे।

याचिका में हाई कोर्ट से जबरन वसूली और रिश्वत मामले की जांच के लिए गठित करने की अपील की गई है। साथ ही शाहरुख खान और आर्यन खान को मामले में आरोपी के तौर पर जोड़ने का निर्देश देने के लिए भी कहा गया है। इसके जरिए, मुंबई पुलिस के उन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की गई है जिन्होंने जांच की और फिर समीर वानखेड़े व अन्य को भ्रष्टाचार के आरोपों से क्लीन चिट दी।

## 'जब व्यापारिक ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

भारत और पाकिस्तान के बीच की व्यापारिक नीतियों के उदारीकरण से इन ट्रेड चैनलों को विधिवत स्वरूप देने में मदद मिल सकती है तथा कस्टम ड्यूटी के रूप में, संबंधित सरकारों के राजस्व में भी वृद्धि हो सकती है।

पाकिस्तान के एक बहुत बड़े व्यापारिक समूह के अध्यक्ष ने "द डॉन" को दिये एक इन्टरव्यू में भारत की केस स्टड्डी की ओर संकेत दिया था। नई दिल्ली ने करीब तीन दशक पहले अपने अंतिम आई.एम.एफ. प्रोग्राम के बाद, बहुत सख्त सुधार लागू किये थे और अब उसके श्रमिक उसके सुखद परिणाम पा रहे हैं। उन्होंने एक बात और कही थी, जिसे अब वहाँ के बहुत से लोग दोहरा रहे हैं। उन्होंने कहा था कि अन्य क्षेत्रीय अर्थव्यवस्थाओं के साथ ही, भारत के व्यापार दोबारा शुरु करना पाकिस्तान के दीर्घकालीन स्थायित्व के लिए बहुत जरुरी है।

दुर्भाग्य की बात यह है कि पाकिस्तान ने अपने पूर्वी पड़ोसी से अच्छे विचारों तथा सस्ते सामानों का आयात बंद कर दिया है। सरकार से इस पर पुनर्विार का अनुरोध करते हुये, बहुत से लोगों ने यह तर्क भी दिया है कि जब अन्य देशों, जिनमें लम्बे समय तक शत्रुता रही है, ने एक दूसरे के साथ आर्थिक संबंध रखने से इनकार नहीं किया है तो भारत और पाकिस्तान ऐसा क्यों कर रहे है?

यह मानना भी सुरक्षित ही है कि उन्नत व्यापारिक रिश्ते आगे चलकर भारत और पाकिस्तान के बीच के राजनैतिक मतभेदों को सुधारने में भी मदद कर सकते हैं।

# उत्तर व पश्चिम भारत में सीटें कम...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

की भरपाई की जा सके। उत्तर और पश्चिमी भारत के कुछ राज्यों जहां भाजपा ने जीत हासिल की थी, में हालात बदल रहे हैं। इसलिए भाजपा ने उन क्षेत्रों में जमने का आक्रामक अभियान छेड़ दिया है जहां यह पहले कभी नहीं थी।

अब हाल ही में दिल्ली में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और चंद्रबाबू की मुलाकात के बाद किसी हद तक यह साफ हो गया है कि भाजपा व तेलुगुदेशम मिल कर चुनाव लडेंगी, इसी के साथ अभिनेता से नेता बने पवन कल्याण भी गठबंधन का हिस्सा बन रहे हैं। पर्यवेक्षकों के अनुसार ये पूरी तरह से जीत के समीकरण हैं।

इससे भाजपा ने एक पक्का काम कर लिया है कि आंध्र से 20 से ज्यादा सांसदों का समर्थन मिलता रहे, भले ही गठबंधन हारे या जीते। अगर भाजपा तेलुगुदेशम के साथ मिल कर जीत गई तो ज्यादा अच्छा होगा और कही पार्टी का अनुमान गलत गया तो भी उसे जगन मोहन रेड्डी की पार्टी वाय.एस.आर. सी.पी. का समर्थन मिलता रहेगा।

इधर जगन मोहन रेड्डी ने तेलुगुदेशम-भाजपा गठबंधन को खारिज कर दिया और घोषणा की कि उनकी पार्टी राज्य में जीत रही है। अपने शासनकाल में जगन समाज के हर वर्ग को कुछ ना कुछ देने के लिए जाने जाते रहे हैं। तेलुगुदेशम के कुछ कट्टर समर्थकों के अलावा राज्य का सारा गरीब तबका जगन मोहन का समर्थक है।

भाजपा और तेलुगुदेशम ने चुनाव से पूर्व वाय.एस.आर.सी.पी. और रेड्डी पर हमला तेज कर दिया है, वे उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं। राज्य का राजनैतिक तापमान चढ़ रहा है, आरोप-प्रत्यारोप के दौर चल रहे हैं और अब जब भाजपा ने अपने इरादे जता दिए हैं तो मुख्यमंत्री ने भी केन्द्र सरकार के खिलाफ बोलना शुरु कर दिया है।

उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने अभी तक भी राज्य को स्पेशल पैकेज नहीं दिया जबकि इसका वादा केन्द्र ने राज्य के विभाजन के समय किया था। इस मुद्दे को वे अपने चुनाव अभियान में उठा रहे हैं। परंतु उनका अभियान पूरी तरह से जनता को मुफ्त सुविधाएं बांटने पर केन्द्रित है।

वाय.एस.आर.सी.पी. के वरिष्ठ नेताओं ने जगन पर आरोप लगाने के लिए भाजपा नेतृत्व पर हमला बोल दिया है। वरिष्ठ नेता व नागरिक आपूर्ति मंत्री के. वैंकट नागेश्वर राव ने भाजपा के याद दिलाया कि भाजपा की सरकार कई मानदंड़ों, जैसे शिक्षा में तीसरे नम्बर पर आना व कई अन्य क्षेत्रों में टॉप पर आने के लिए राज्य सरकार की तारीफ कर चुकी है और अब केन्द्र में सत्तारूढ़ पार्टी के नेता आधारहीन आरोप लगा रहे है।

उन्होंने कहा कि, आप ने ये सभी रेटिंग्स दीं और अब आप आधारहीन आरोप लगा रहे हैं। क्या सरकार ने तेलुगुदेशम के शासन के सरकार को कोई आय हुई। हम राज्य में हजारों करोड़ रू. का निवेश ला रहे है।

भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने गत दिनों एक रैली में मौजूदा राज्य सरकार को अब तक सबसे भ्रष्टतम सरकार बताया है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी पूछा कि केन्द्र सरकार से राज्य का जो लाखों करोड़ रूपए मिले थे उनका क्या हुआ?

राज्य मंत्री के. सत्यनारायण ने भाजपा नेताओं की आलोचना की कि वे हरेक भारतीय के खाते में 15 लाख रू. जमा नहीं करा पाए, ना ही सारा काला धन वापस ला पाए। उन्होंने भाजपा नेतृत्व से पूछा कि उन्होंने अब तक आंध्र के लिए क्या किया है।

## तमिलनाडू के ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

विपक्ष को धमकाने व डराने के प्रयास कर रही है और इसके लिए जांच एजेंसियों का दुरुपयोग मोदी सरकार की पहचान बन गई है।

# अमेरिकी राजदूत ने भारत की डिजिटल क्रांति की खूब तारीफ की

नई दिल्ली, 13 जून। अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी भारत की डिजिटल क्रांति के मुरीद हैं। उन्होंने मंगलवार को डिजिटल पेमेंट और वित्तीय प्रौद्योगिकी में भारत की प्रगति की जमकर तारीफ की। एक कार्यक्रम में बोलते हुए अमेरिकी दूत ने कहा, "जब मैं भारत में डिजिटल पेमेंट और वित्तीय तकनीक को देखता हूं, तो मैं मानता हूं कि हमने दुनिया को हिलाकर रख दिया है। एक गांव में एक चाय वाला भी अपने फोन में सरकार से सीधे पेमेंट लेता है.. वो भी पूरे के पूरे 100 फीसदी रुपये उसे मिलते हैं।"

- अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा कि, जब मैं भारत में डिजिटल पेमैंट और वित्तीय तकनीक को देखता हूं, तो मैं मानता हूं कि, हमने पूरी दुनिया को हिलाकर रख दिया है।
- इस दौरान उन्होंने एन.एस.ए अजीत डोभाल की भी जमकर तारीफ की। गार्सेटी ने उन्हें अंतर्राष्ट्रीय खजाना बताया। उन्होंने कहा, अजीत डोभाल, उत्तराखंड के एक गांव का लड़का न केवल एक राष्ट्रीय खजाना है, बल्कि एक अंतरराष्ट्रीय खजाना बन गया है।

उन्होंने कहा, "मैंने हाल ही में भारत में अनेक धर्मों के नेताओं के एक समूह के साथ डिनर किया, उनमें से एक ने कहा " हमने 4, 5 और 6 के बारे में बहुत बातें सुनी हैं, लेकिन यहां भारत में हमारे पास इससे अधिक शक्तिशाली कुछ है- वह है गुरुजी। " अमेरिकी राजदूत यू.एस.-इंडिया इनिशिएटिव ऑफ क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी (आई.सी.ई.टी.) कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन यह देखकर रोमांचित हैं कि यहां (भारत में) क्या हो रहा है। हम (पी.एम. मोदी की) राजकीय यात्रा के लिए तत्पर हैं। पी.एम. मोदी अगले सप्ताह वाशिंगटन में (यात्रा) शुरू करेंगे।" इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी जमकर तारीफ की। गार्सेटी ने उन्हें अंतर्राष्ट्रीय खजाना बताया। उन्होंने कहा, अजीत डोभाल, उत्तराखंड के एक गांव का लड़का जो न केवल एक राष्ट्रीय खजाना है बल्कि एक अन्तर्राष्ट्रीय खजाना बन गया है।

## आई.टी.आई...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

विभाग रेंजर दिनेश मीणा, घांटा का गांव नाका प्रभारी राकेश पाटीदार, शैलेष सिंह राव आदि मौके पर पहुंचे। उदयपुर से भी लाल सिंह समेत रैस्क्यू टीम मंगलवार सुबह 4 बजे मौके पर पहुंची। तथापि, इससे पहले ही पैंथर दरवाजे के ऊपर लगा कांच तोड़कर वहाँ से निकल कर भाग गया। टीम को कांच तोड़कर पैंथर के निकलने के साक्ष्य मिले हैं तथा सर्च ऑपरेशन चलाया गया है।

# ट्विटर के पुराने कर्ता धर्ता डोरसी ने भारत ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

कहा, "जो कुछ कहा गया, वह जबरदस्त झूठ है।"

ठाकुर ने आगे कहा, "जैक डोरसी सालों बाद जागे हैं तथा अपने गलत कामों पर पर्दा डालना चाहते हैं। जब ट्विटर को एक अन्य व्यक्ति ने खरीद लिया था, तो "ट्विटर फाइल्स" से यह उजागर हुआ कि इस प्लेटफॉर्म का किस तरह दुरूपयोग किया जा रहा था। जैक डोरसी इस बात का जवाब आज तक नहीं दे सकें हैं क्योंकि उनकी पोल खुल चुकी है।"

आई.टी. के प्रभारी राज्यमंत्री राजीव चन्द्रशेखर ने कहा कि ट्विटर संस्थापक की टिप्पणियाँ "कल्पना" है तथा कम्पनी ने भारतवासियों और भारत सरकार के खिलाफ "भ्रामक सूचनाओं को सशक्त" किया है।

उन्होंने कहा, "भारत सरकार की यह मान्यता निरन्तर रही है कि कोई भी प्लेटफॉर्म, चाहे वह भारत का हो या विदेशी, छोटा हो या बड़ा, को अगर भारत में अपना काम करना है, तो उसे भारतीय कानून मानने ही होंगे।"

राजीव चन्द्रशेखर ने ट्विटर पर डाली गई अपनी लम्बी पोस्ट में जैक डोरसी की सजगता को लेकर कहा कि यह प्लेटफॉर्म "बार-बार एवं लगातार भारतीय कानून का उल्लंघन कर रहा था। उन्होंने कहा कि "डोरसी के ट्विटर साम्राज्य को भारतीय कानून को प्रभुसत्ता को स्वीकार करने में परेशानी थी।"

उन्होंने लिखा है, "सच्चाई तो यह है कि वे (ट्विटर) 2020 से लेकर 2022 तक बार-बार कानून की अवमानना कर रहे थे तथा सिर्फ उन्होंने जून 2022 में ही कानून की अनुपालना की। न तो कोई जेल गया और न ट्विटर बंद हुआ।"

चन्द्रशेखर आगे लिखते हैं, "डोरसी के ट्विटर साम्राज्य को भारतीय कानून की प्रभुसत्ता को स्वीकार करने में परेशानी थी। उसका व्यवहार इस प्रकार का था, मानो भारत के कानून उस पर लागू ही नहीं होते हों। भारत को, एक सम्प्रभु राष्ट्र होने के नाते, यह सुनिश्चित करने का अधिकार है कि भारत में कार्यरत सभी कम्पनियाँ उसके कानूनों का पालन कर रही हैं। जनवरी 2021 में आंदोलन के दौरान ऐसी बहुत सारी भ्रामक सूचनाएं यहां तक कि जाति संहार की रिपोर्ट थीं, जो निश्चित रूप से झूठी (फेक) थीं।"

उन्होंने जोर देते हुए कहा कि सरकार को "इस प्लेटफॉर्म से गलत जानकारियाँ हटाने के लिये बाध्य होना पड़ा, क्योंकि ऐसी संभावना थी कि झूठी खबरों के आधार पर, स्थिति और बिगड़ सकती है।"

उन्होंने आगे लिखा, "जैक के दौर में, ट्विटर पर पक्षपात पूर्ण रवैया बहुत ज्यादा था कि, और उन्हें भारत में इस प्लेटफॉर्म से झूठी सूचनाएं हटाने तक में परेशानी थीं। जब अमेरिका में ऐसी ही घटनाएं हुईं तो उन्होंने स्वयं ही ऐसा किया।

रिकॉर्ड को ठीक बनाये रखने के लिये, न तो किसी पर छापा मारा गया और न किसी को जेल भेजा गया। हमारा जोर केवल भारतीय कानून की अनुपालना को सुनिश्चित बनाये रखने पर था।"

चन्द्रशेखर ने कहा कि जनता के पास उन दिनों में, "जैक के ट्विटर की स्वेच्छाचारिता, खुली तरफदारी तथा भेदभावपूर्ण आचरण तथा इस प्लेटफॉर्म पर अपने अधिकारों के दुरूपयोग के "पर्याप्त प्रमाण" हैं।

आई.टी. मंत्री ने कहा, "डोरसी के दौर में, ट्विटर भारतीय कानून का उल्लंघन ही नहीं कर रहा था, बल्कि हमारे संविधान के अनुच्छेद 14 एवं 19 के उल्लंघन में तथा गलत जानकारियों को मजबूत करने की सहायता में अपनी निरंकुशता की "डी-एम्प्लीफाइंग" तथा डी-प्लेटफॉर्मिंग को भी काम में ले रहा था। भारत में कार्यरत सभी माध्यमों (इन्टर मीडियवीज़) के लिये हमारी सरकार की नीतियाँ स्पष्ट रहती हैं- यह सुनिश्चित करने के लिये कि इन्टरनैट "सुरक्षित, "विश्वसनीय" तथा "जवाबदेह" है, कानूनों का पालन कीजिये।"

हजारों किसानों ने एक साल तक चला अपना आंदोलन नवम्बर 2021 में उस समय समाप्त कर दिया था, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीनों विवादास्पद कृषि कानूनों को वापस लेने की घोषणा कर दी थी।

कांग्रेस ने कहा कि जैक डोरसी की टिप्पणियाँ सरकार द्वारा लोकतंत्र को कमजोर करने की जबरदस्त सबूत है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, "हम मांग करते हैं कि सरकार सोशल मीडिया को दबाना बंद करे, मीडिया को दबाना तथा मीडिया के बहुत बड़े वर्ग को फुसलाना बंद करे।"

सुप्रिया ने यह आरोप भी लगाया कि मोदी सरकार ने ट्विटर पर दबाव डाला था कि वह कांग्रेस नेता राहुल गांधी के अकाउन्ट को ब्लॉक कर दे। उन्होंने कहा कि अगस्त 2021 में, ट्विटर ने राहुल का अकाउन्ट ब्लॉक कर दिया था।

श्रीनेत ने कहा कि राहुल का अकाउन्ट बंद करने के लिये यह बहाना लिया गया था कि राहुल गांधी ने कुछ गाइडलाइनों का उल्लंघन किया है, जबकि राहुल द्वारा ट्विटर पर शेयर किया गया फोटो पीड़िता का नहीं, उसके परिजन का था।

सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि उसके बाद, एक अप्रत्यक्ष रोक लगाते हुए, इस माइक्रोब्लॉगिंग साइट पर गांधी के फॉलोअर्स की बढ़ती संख्या को सीमित कर दिया गया था। बाद में, फरवरी 2022 में, "वॉलस्ट्रीट जर्नल" ने इस मुद्दे को एक बड़ी खबर का रूप देने की धमकी दी थी तथा इस विषय में ट्विटर को एक पत्र लिखा था। इसके परिणामस्वरूप, अप्रत्यक्ष प्रतिबंध हटा लिया गया था तथा गांधी के ट्वीट्स को सबस्क्राइब करने वाले लोगों की संख्या में जबरदस्त वृद्धि सामने आ गई थी।

## मथुरा के प्रेम मंदिर परिसर में आग लगी

मथुरा, 13 जून। मथुरा-वृदांवन स्थित प्रसिद्ध प्रेम मंदिर के पिछले हिस्से में भीषण आग लगने की घटना सामने आई है। आग बुझाने के लिए फायर बिग्रेड की 2 गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं। आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही देर में पूरा आसमान काला हो गया। वीडियो में आग की भयंकर लपटें दिखाई दे रही हैं। हालांकि मौके पर पहुंचे फायरकर्मियों ने आग बुझाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी। खबर लिखे जाने तक किसी के हताहत होने की बात सामने नहीं आई है।

आग लगने के कारणों का पता किया जा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जिस जगह पर ये आग लगी, वह मंदिर का पिछला हिस्सा है, जो कि एक स्टोर रूम था और उसमें लकड़ी का सामान भी रखा हुआ था। गौरतलब है कि वृदांवन का प्रेम मंदिर दुनियाभर में प्रसिद्ध है और दुनियाभर से लाखों श्रद्धालु भगवान कृष्ण के दर्शन के लिए यहां आते हैं।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908